Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to make medical college functional in Jaunpur, Uttar Pradesh.

***श्री श्याम सिंह यादव)जौनपुरः(** सभापति महोदय, धन्यवाद । आप का हमारे ऊपर बहुत आशीर्वाद है और हम आपका बहुत धन्यवाद भी करते हैं । महोदय, आज अपने क्षेत्र का मसला उठाने के लिए हमारा भोजपुरी भाषा में बोलने का बहुत मन है। हमारा बहुत मन कर रहा है कि हम अपनी बात भोजपुरी भाषा में बोलें।

अभी से पहले सूबे में जो सरकार रही, उसने जौनपुर में एक मेडिकल कॉलेज बनवाया था। वहाँ बड़ी-बड़ी बिल्डिंग हैं, लेकिन अभी तक न डॉक्टर्स हैं, न नर्स हैं और न ही कोई मशीनें हैं। वहाँ रात भर लोमड़ी, सियार और कुत्ते हूआ-हूआ करते रहते हैं। वहाँ के लोग सो भी नहीं पाते हैं। जौनपुर वाले कहते हैं कि यूपी की सरकार पता नहीं क्यों उस मेडिकल कॉलेज को पसंद नहीं करती है। जब जौनपुर में कोई मरीज़ बहुत ज्यादा बीमार हो जाते हैं, तो कहते हैं कि इन्हें बी.एच.यू .ले जाएँ या पी.जी.आई .लखनऊ ले जाएँ, लेकिन जब तक गाड़ी या एंबुलेन्स का इंतज़ाम होता है, तब तक मरीज़ के प्राण-पखेरू उड़ जाते हैं, उसकी जान ही चली जाती है।

महोदय, हम आपके माध्यम से कहना चाहते हैं कि यूपी में योगी जी की सरकार को एक टेलीफोन ही करवा दीजिए कि यह जो मेडिकल कॉलेज जौनपुर में बन रहा है, उसको अच्छी तरह से बनवा दें और डॉक्टर्स, नर्स वगैरह सभी को भेजकर उसको शुरू करवा दें।